हेमचंद यादव विश्वविद्यालय, दुर्ग (छ.ग.)

(पूर्व नाम- दुर्ग विश्वविद्यालय, दुर्ग)

रायपुर नाका दुर्ग (छ.ग.)-491001

ई मेल : exam@durguniversity.ac.in *वेब साइट : www.durguniversity.ac.in* *दूरभाष : 0788-2359300*

क्रमांक 1277 / पूरक / परीक्षा / 2018 दुर्ग, दिनांक 12.12.2018

प्रति,

प्राचार्य / केन्द्राध्यक्ष,
सम्बद्ध समस्त महाविद्यालय / परीक्षा केन्द्र,
पूरक परीक्षा 2018
हेमचंद यादव विश्वविद्यालय, दुर्ग (छ.ग.)

विषयः— पूरक परीक्षा 2018 के परीक्षार्थियों के प्रवेश—पत्र विश्वविद्यालय ऑनलाईन पोर्टल से डाउनलोड करने विषयक।

महोदय / महोदया,

उपरोक्त विषयान्तर्गत लेख है कि विश्वविद्यालयीन पूरक परीक्षा 2018 के परीक्षार्थियों के प्रवेशपत्र विश्वविद्यालय की वेबसाइट **www.durguniv.in** के माध्यम से डाउनलोड किया जा सकता है। मेनुअल रूप में किसी भी परीक्षार्थी को प्रवेश पत्र विश्वविद्यालय द्वारा नहीं भेजा जावेगा।

समस्त परीक्षार्थी परीक्षा आवेदन फार्म भरते समय उपयोग में लाई गई यूजर आईडी एवं पासवर्ड का प्रयोग करते हुए www.durguniversity.ac.in के Quick Link → Download : Admit Card पर जाकर अपने यूजर आईडी एवं पासवर्ड का उपयोग कर लॉगइन कर प्रवेश पत्र डाउनलोड करें।

यदि परीक्षार्थी अपना यूजर आई.डी. या पासवर्ड अथवा दोनों भूल गयें हैं तो Forgot Password पर Click कर प्रवेश पत्र डाउनलोड कर सकते हैं। प्रवेश पत्र प्राप्त करने के बाद अपने संबंधित परीक्षा केन्द्र पर जाकर केन्द्राध्यक्ष के हस्ताक्षर एवं केन्द्र की सील लगवाना सुनिश्चित करें।

यदि किसी परीक्षार्थी ने ऑफलाईन पूरक परीक्षा 2018 हेतु आवेदन किया है और उनके प्रवेश पत्र ऑनलाईन पद्धति से डाउनलोड नहीं हो रहे हैं, तो उन्हें निर्धारित परीक्षा केन्द्र पर एक आईडी प्रूफ (आधार कार्ड, वोटर आईडी, पैन कार्ड, ड्राईविंग लाईसेंस) के साथ पूरक परीक्षा के लिए जमा की गई निर्धारित राशि की पावती एवं पासपोर्ट साईज फोटो (01) साथ लेकर जाना है। उक्त जमा रसीद एवं आईडी प्रूफ के आधार पर परीक्षा केन्द्र उन्हें प्रवेश पत्र जारी कर परीक्षा में बैठने की अनुमति दे सकते हैं। (विश्वविद्यालय द्वारा प्रवेश पत्र का प्रारूप पत्र के साथ संलग्न किया जा रहा है।)

ऐसे परीक्षार्थी जिनके परीक्षा परिणाम विलंब से जारी किए जा रहे हैं, वे पूरक परीक्षा फार्म विश्वविद्यालय की वेबसाइट से डाउनलोड कर निर्धारित शुल्क का भुगतान विश्वविद्यालय के खाता क्र. 147310034606 में कर संबंधित आवश्यक संलग्नकों सहित निर्धारित परीक्षा केन्द्र पर ही जमा करेंगे। संबंधित परीक्षा केन्द्र आईडी प्रूफ एवं शुल्क रसीद के आधार पर उन्हें प्रवेश पत्र जारी कर परीक्षा में बैठने की अनुमति प्रदान करेंगे। मुख्य परीक्षा 2018 हेतु जारी रोल नम्बर/अनुक्रमांक का ही उपयोग परीक्षार्थी पूरक परीक्षा 2018 में करेंगे।

परीक्षार्थी डाउनलोड किए गये प्रवेश पत्र (Admit Card) का भलिभांति परीक्षण कर लेवें। यदि उसमें किसी प्रकार की त्रुटि हो तो ऐसे परीक्षार्थी तत्काल विश्वविद्यालय आकर उक्त त्रुटि में सुधार करा लेवें। उक्त सूचना को समस्त महाविद्यालय अपने सूचना पटल पर आवश्यक रूप से चस्पा करें।

टीपः— परीक्षा से संबंधित किसी भी प्रकार की कठिनाई होने पर विश्वविद्यालय के हेल्पलाईन नम्बर 0788—2359300 पर संपर्क कर सकते हैं।

कुलसचिव
हेमचंद यादव विश्वविद्यालय, दुर्ग (छ.ग.)

पृ.क्र. 1278 / पूरक / परीक्षा / 2018 दुर्ग, दिनांक 12.12.2018

प्रतिलिपिः—

1. उपकुलसचिव, गोपनीय, हेमचंद यादव विश्वविद्यालय, दुर्ग।
2. कुलपति के सचिव / कुलसचिव के निज सहायक, हेमचंद यादव विश्वविद्यालय, दुर्ग को सूचनार्थ।

उपकुलसचिव
हेमचंद यादव विश्वविद्यालय, दुर्ग (छ.ग.)

HEMCHAND YADAV UNIVERSITY, DURG (CHHATTISGARH)

हेमचंद यादव विश्वविद्यालय, दुर्ग (छ.ग.)

ADMIT CARD

CLASS :- .... PART :- .... ANNUAL/Supplemetary EXAMINATION - 201

REG./Enrollment NO. - **ROLL NO. :-**

STUDENT NAME :-

FATHER'S/HUSBAND NAME :-

MOTHER'S NAME :-

COLLEGE CODE AND NAME :-

CENTRE CODE AND NAME :-

PHOTO & SPECIMEN SIGNATURE OF THE CANDIDATE

GENDER :- DATE OF BIRTH :- CATEGORY :-

SUBJECT AND PAPER DETAILS

SUBJECT NAME	PAPER CODE	PAPER NAME

The University has permitted this Candidate to Appear at the above said Examination

Signature of Principal with Seal **Registrar**

महत्वपूर्ण निर्देश

1-ऑनलाईन डाउनलोड किये गये प्रवेश पत्र परीक्षा केन्द्र/महाविद्यालय द्वारा सत्यापित किये जाने पर ही मान्य होगा।

2-जांच के दौरान किसी भी स्थिति में यदि परीक्षा के लिए अपात्र पाए जाने पर आपकी परीक्षा निरस्त की जा सकती है।

3- परीक्षार्थी उपरोक्त लिखित जानकारियों का परीक्षण कर लेवें। किसी प्रकार की त्रुटि होने पर विश्वविद्यालय को शीघ्रातिशीघ्र अवगत करावें।

4- विश्वविद्यालय द्वारा आबंटित परीक्षा केन्द्र से ही परीक्षा देना अनिवार्य है।

5- परीक्षार्थी का परीक्षा में प्रवेश सभी निर्धारित शर्त पूर्ण करने के अधीन है।

6- परीक्षार्थी परीक्षा केन्द्र पर 15 मिनट पूर्व उपस्थित होवें। उत्तरपुस्तिका के प्रथम पृष्ट पर अपने अनुक्रमांक/नामांकन अंक स्पष्ट अक्षरों में अंकित करें।

7- परीक्षार्थी उत्तरपुस्तिका में कही भी अपना नाम न लिखें और न ही ऐसे संकेत करें जिससे उत्तरपुस्तिका की पहचान हो सके।

8- विश्वविद्यालय द्वारा अधिसूचित समय-सारणी के अनुसार परीक्षाएं आयोजित होगी।

9- परीक्षकों के साथ अभद्र व्यवहार दंडनीय है।

10- प्रवेश पत्र की द्वितीय प्रतिलिपि 40 रू. शुल्क के साथ आवेदन करने पर संबंधित परीक्षा केन्द्र से प्राप्त की जा सकती है।

11- प्रवेश पत्र प्रतिदिन परीक्षार्थी अपने साथ अनिवार्य रूप से लाएं।

12- परीक्षा भवन में मोबाईल फोन लाना प्रतिबंधित है।

13- नेत्रहीन Physically Handicapped and Dyslexia परीक्षार्थियों को लेखन सुविधा के साथ साथ परीक्षा अवधि में एक घंटे का अतिरिक्त समय प्रदान किया जायेगा।

14- परीक्षा के दौरान यदि कोई परीक्षार्थी लिखने में असमर्थ हो तो शासकीय चिकित्सालय के प्राधिकृत चिकित्सा अधिकारी के प्रमाण पत्र के आधार पर वरिष्ठ केन्द्राध्यक्ष अध्यादेश 5 की कंडिका 6 के प्रावधान अनुसार लेखन की सुविधा प्रदान कर सकते हैं।